हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
करवा चौथ की मंगलकामनाएं
haribhoomi.com
रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024





मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

# स्माइल प्लीज...
## लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

{ कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम }

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

**तनाव-गुस्सा हो जाए गायब:** आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है।



क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।

**मूड बन जाए बेहतर:** समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।



**दूसरों को मिलती है खुशी:** मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

**जीते हैं लंबी जिंदगी:** मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

**निखरती है सोशल इमेज:** खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

### मुस्कुराहट के प्रकार

**वैसे मुस्कुराहटें** तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।



# युवा पीढ़ी समझती है वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

{ रिलेशनशिप / डॉ. मोनिका शर्मा }

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

**बरकरार है जिम्मेदारी का भाव:** दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रृंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।

**साथ बने रहने की सोच:** हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी ओर बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।



**जीवन संवारने वाला भरोसा:** कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

{ दोहे / केदार शर्मा 'निरीह' }

## प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

{ लघुकथाएं }

## वचन



प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'

'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।


पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

- गोविंद भारद्वाज

## सम्मान



आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'

आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।

प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *

-शीला श्रीवास्तव

{ पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण }

## इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *




**पत्रिका:** इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), **संपादक:** संजय कुमार गर्ग, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** हिंदी अकादमी, दिल्ली

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार, 20 अक्टूबर 2024



### जिले के सभी नगरीय निकायों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा

# बालोद में 20 हजार से ज्यादा मतदाता चुनेंगे शहर की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद के 20 हजार 300 से ज्यादा मतदाता शहर की सरकार का चुनाव करेंगे। इस बार प्रत्याशियों को महिलाओं को साधना होगा, क्योंकि पुरूषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है, वहीं युवाओं की भूमिका भी शहर की सरकार चुनने में महत्वपूर्ण होगी।

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में जिला प्रशासन मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा आपत्ति मंगा रहा है। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद मतदाता सूची पर नजर डालें, तो बालोद नगर पालिका की सरकार चुनने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मतदाता सूची के अनुसार शहर के 20 वार्डों में कुल 20 हजार 306 मतदाता हैं। पुरूष मतदाताओं की संख्या जहां 9510 है, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 10696 है। महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा होने से राजनीतिक दल उन्हें साधने का प्रयास करेंगे। हालांकि यह मतदाताओं की अंतिम संख्या नहीं है। दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद इसमें आंशिक रूप से परिवर्तन संभव है।



### जमीन से जुड़े कार्यकर्ता के बजाए सोशल मीडिया वाले नेता ज्यादा सक्रिय

नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी प्रशासन द्वारा तेज कर दी गई है। अब आरक्षण का इंतजार चल रहा है। लेकिन, तमाम नगरीय निकायों में सोशल मीडिया में ही एक्टिव रहने वाले राजनीतिक दलों के नेता इन दिनों जनता के बीच पहुंच रहें हैं और सक्रिय होने का प्रमाण दे रहे हैं। इन गतिविधियों को लेकर क्षेत्र की जनता में कई तरह की चर्चा भी हो रही है।

### जिले के सभी 8 नगरीय निकायों में महिला वोटर्स ज्यादा

बालोद नगर पालिका के अलावा जिले के दल्लीराजहरा नगर पालिका में भी महिला वोटरों का दबदबा है। यहां पुरुष मतदाता 17147 तो वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 18454 है। इसके साथ ही जिले में कुल 6 नगर पंचायत हैं। नगर पंचायत गुरुर में पुरुष मतदाता 1520 जबकि महिला मतदाता 1661 हैं। नगर पंचायत गुण्डरदेही में 3312 पुरूष मतदाता हैं, जबकि 3577 महिला मतदाता हैं। नगर पंचायत डौंडीलोहारा में पुरुष मतदाता 2274 हैं, वहीं महिला मतदाता की संख्या 2533 है। नगर पंचायत डौंडी में पुरुष मतदाताओं की संख्या 2525 जबकि महिला मतदाता 2808 हैं। इसी तरह नगर पंचायत चिखलाकसा में पुरुष मतदाता 1967 हैं वहीं महिला मतदाता 2280 हैं। इसी के साथ नगर पंचायत अर्जुन्दा क्षेत्र में 2047 की संख्या पुरुष मतदाताओं की है, तो वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 2248 है।









## खबर संक्षेप



### सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच ने मनाई शरद पूर्णिमा

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच की पदाधिकारियों ने रायपुरा स्थित शिखा सदन में शरद पूर्णिमा का आयोजन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में चांदनी रात में चंद्रमा की शीतलता से अमृत वर्षा पश्चात खीर-पूरी व अन्य लजीज व्यंजनों के साथ शरद उत्सव का आनंद लिया। सुधा शर्मा के भजन को काफी सराहा गया। संचालन महादेवघाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा तथा शारदा मिश्रा ने किया। आभार रायपुरा अध्यक्ष शिखा शर्मा ने व्यक्त किया। आयोजन में मुख्य रूप से रत्ना शर्मा, वीणा तिवारी, शारदा मिश्रा, सुधा शर्मा, सुनंदा दुबे, वैजयंती चतुर्वेदी, कविता शर्मा, निशा दुबे, शशि पांडे, शिवम शर्मा, रुक्मिणी पांडे शामिल रहीं।

### राजधानी ड्रायक्लीनर्स को उत्कृष्ट पुरस्कार



**रायपुर।** सफल लॉन्ड्री संचालन के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के इन्फेक्शन कंट्रोल बोर्ड ने राजधानी ड्रायक्लीनर्स संस्थान को उत्कृष्ट पुरस्कार दिया है, जिसे संचालक सूरज निर्मलकर ने ग्रहण किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मेडिसिन विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजीव लोचन खरे, अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर के निर्देशन में प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक मुखिया देवांगन समाज के अध्यक्ष चोवाराम देवांगन, धोबी समाज के प्रदेश सचिव पीसी निर्मलकर को भी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को अस्पताल संचालन में सहयोग देने के लिए और जागृत करने के लिए सम्मानित किया गया।

### व्यापारी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष से चैंबर अध्यक्ष ने की भेंट



**रायपुर।** चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी से मुलाकात कर जीएसटी सरलीकरण, एमएसएमई उद्योग, वित्तीय सेवाओं एवं व्यवसाय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान, शिक्षा के लिए सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा। महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के संबंध में तथा जीएसटी के सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करने तथा एमएसएमई उद्योगों के सुदृढ़ीकरण, वित्तीय सेवाओं, लेखाकर्म के छात्रों को व्यवसाय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान, शिक्षा के लिए व्यापारियों द्वारा दिए सुझावों को प्रमुख रूप से चैंबर ने सूचीबद्ध किया।

# अपराध नियंत्रण के लिए हो सख्ती, साइबर अपराध रोकने दिखाएं तत्परता : सीएम

## मुख्यमंत्री ने गृह विभाग के कामकाज की समीक्षा की

### सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हर हाल में कानून और व्यवस्था बहाल रखनी चाहिये। पुलिस त्वरित कार्यवाही करे और चौकन्नी रहे। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे मामलों में पुलिस को तत्परता से काम करने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर होने वाली घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर होनी चाहिए और इन घटनाओं के संभावित परिणाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए नशे के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जाए। गांजा, अवैध शराब, ड्रग्स की तस्करी पर मुस्तैदी से कार्यवाही हो। श्री साय ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में पुलिस की गश्त नियमित रूप से होनी चाहिए। पुलिस के आला अफसर भी अनिवार्य रूप से पेट्रोलिंग करें।



#### दुकानें, होटल निर्धारित समय पर बंद होने चाहिए

रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, हवाई अड्डों के साथ ही संवेदनशील इलाकों में नियमित रूप से पुलिस की पेट्रोलिंग होती रहनी चाहिए। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शॉपिंग मॉल, दुकानों, होटलों आदि रात्रि के समय पर निर्धारित समय पर बंद होनी चाहिए। बियर बार एवं होटल निर्धारित समय पर बंद हो ऐसे होटल जहां शराब की अवैध बिक्री की शिकायत मिलती है उन पर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सायबर क्राईम को रोकने के लिए तत्परता से प्रभावी कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन,अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# इस धनतेरस सोना 80 हजारी सालभर में 17 हजार बढ़े दाम

### चांदी एक लाख की राह पर, अभी कीमत 95 हजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल ऐसी रफ्तार पकड़ी है जैसी पहली कभी नहीं पकड़ी थी। इतिहास में पहली बार सोना अब 80 हजारी हो गया है। इस बार धनतेरस पर ग्राहकों को सोना खरीदने के लिए बीते साल से 17 हजार रुपए दस ग्राम पर ज्यादा देने होंगे। बीते साल धनतेरस पर सोना 63 हजार रुपए था। इसके और पहले 2022 की बात करें, तो सोना उस समय 50 हजार रुपए था। यानी दो साल में कीमत में 30 हजार का इजाफा हुआ है।

इसी के साथ इस बार चांदी की कीमत में भी आग लगी है। अभी चांदी एक लाख तक तो नहीं पहुंच सकी है, लेकिन संभावना है कि धनतेरस तक यह एक लाख के आसपास पहुंच जाएगी। ऐसे में सोना और चांदी निवेश के लिए खरे साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि अपने प्रदेश में रोज सोने और चांदी में 25 करोड़ का निवेश हो रहा है। इसमें से 20 करोड़ का सोने और पांच करोड़ का चांदी में निवेश हो रहा है। बीते साल भर में सोने की कीमत से तो नए-नए रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस बार जितनी तेजी से इसकी कीमत में इजाफा हो रहा है, उतनी तेजी से कभी नहीं होता था। करीब दो साल में सोने की कीमत 30 हजार रुपए बढ़ी है। 50 हजार वाला सोना 80 हजार हो गया है। यानी कीमत में 60 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस साल की ही बात करें तो इस साल जनवरी में सोने की कीमत 65300 रुपए थी जो इस समय 80 हजार हो गई है। यानी दस माह में कीमत 15 हजार रुपए बढ़ी है।



#### चांदी की कीमत एक लाख जाने की संभावना

जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत साल के प्रारंभ में 75 हजार रुपए किलो थी जो इस समय 95 हजार पहुंच गई है। वैसे इसके पहले इसकी कीमत 97 हजार तक जा चुकी है। इसकी कीमत एक लाख जाने की संभावना पहले ही थी, लेकिन कीमत वापस कम होने लगी और कीमत बीते माह कीमत 82 हजार तक चली गई। लेकिन वापस अब कीमत बढ़ते-बढ़ते 95 हजार तक पहुंच गई है। संभावना है कि इस बार दीपावली के पहले कीमत एक लाख तक जा सकती है।

#### सोने-चांदी में 25 करोड़ का रोज निवेश

*प्रदेश में राजधानी रायपुर के साथ सभी शहरों को मिलाकर निवेशक रोज करीब 20 करोड़ का सोना निवेश करने के लिए खरीदते हैं। निवेश के लिए खरीदा जाने वाला सोना सिक्कों के साथ बिस्कुट और सिल्ली की शक्ल में होता है। जहां एक ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के सिक्के मिलते हैं। वहीं किलो में लेने के लिए सिल्ली के रूप में मिलते हैं। निवेश के लिए खरीदे जाने वाले सोने को ही बुलियन कहा जाता है। सोने के साथ ही चांदी में भी निवेश किया जाता है। हालांकि इसमें सोने की तुलना में कम निवेश होता है, क्योंकि इसकी कीमत कम होने के कारण इसको बहुत ज्यादा मात्रा में लेना पड़ता है। चांदी में निवेशक रोज करीब पांच करोड़ लगाते हैं।*

# बिरेतरा में 53 लाख के विकासकार्यों का हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

ग्राम बिरेतरा में निर्माण 12 लाख की लागत से निर्मित नवीन खाद गोदाम लाख, 18 लाख की लागत से निर्मित नवीन पंचायत भवन निर्माण, 18 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड निर्माण, 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित हाई स्कूल में अहाता निर्माण का विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने लोकार्पण किया।

विधायक ने कहा कि समृद्ध गुण्डरदेही विधानसभा बनाने का हमने जो संकल्प किया है, उसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। आज ग्राम में हुए इन सभी विकास कार्यों से जनता को सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर भोजराज साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू, सरपंच नीतू साहू, उमेश चंद्रवंशी, हेमंत साहू, जितेंद्र साहू, शशि ठाकुर, टिकेश्वर साहू, मैना बेल चंदन, गंगाबाई साहू, लेखन बंजारे, पंचगण सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राजीव वोरा ने कहा- पार्टी ने प्रत्याशी बनाया तो मजबूती से लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर कांग्रेस के दावेदारों में शामिल राजीव वोरा ने अब एक तरफ जहां अपनी दावेदारी से इनकार किया है, वहीं उनका कहना है, अगर पार्टी उनको प्रत्याशी बनाती है, तो मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उनका कहना है, कांग्रेस में किसी भी तरह की दावेदारी की जरूरत नहीं पड़ती है, तो फिर दावेदारी काहे की। पार्टी खुद से ही योग्य प्रत्याशी को टिकट देने का काम करती है।



रायपुर दक्षिण से अब तक भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल ही जीतते रहे हैं। अब उनके सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई है। इस पर 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। इस बार कांग्रेस में टिकट के लिए थोक में दावेदार हैं। कांग्रेस नेता और इस सीट से मजबूत दावेदार माने जा रहे राजीव वोरा ने अपनी तरफ से जरूर दावेदारी से इनकार किया है लेकिन साथ ही वे कहते हैं कि पार्टी अगर चाहेगी तो वे चुनाव जरूर लड़ेंगे। श्री वोरा ने कहा कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण के लिए पारदर्शी और लोकतांत्रिक सिस्टम है।

# भूपेश बोले- प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार हो रही खराब, सभी जिलों में अपराध तेजी से बढ़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन और खराब होती जा रही है। कल ही राजधानी रायपुर में 20 लाख की लूट हो गई। आज 10 करोड़ का सोना पकड़ा गया। भानुप्रतापपुर में तो एक बेरोजगार भाजयुमो नेता के पास उसकी कार में करोड़ों रुपए दिखाई दे रहे हैं। वह कहता है रिश्तेदार का पैसा है, कहीं वो रिश्तेदार किसी मंत्री के यहां पदस्थ तो नहीं है। लगातार सभी जिलों में अपराध तेजी से बढ़ रहा है। हत्या, बलात्कार, लूटपाट, चोरी रोजाना हो रही है। मुख्यमंत्री आज समीक्षा बैठक ले रहे हैं। गृहमंत्री भी इस बैठक में शामिल हुए। श्री बघेल ने कहा, गृहमंत्री अपराध रोकने में असफल रहे। प्रदेश में सरकार में कोई विकास कार्य नहीं कर रही है। 10 महीने हो गए, जो काम चल रहे थे वो भी रुक गए हैं। सरकार की आर्थिक



स्थिति बहुत कमजोर है, सरकार हजारों करोड़ का कर्जा ले चुकी है। श्री बघेल ने कहा कि अभी धान खरीदी सामने है, जब भाजपा विपक्ष में थी तो 1 नवंबर से धान खरीदी करने के लिए बोला करती थी। अब जब भाजपा खुद सरकार में आ गई है, तो धान खरीदी लेट से क्यों कर रही है। पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार ने जो काम किया, उसके कारण किसानों की स्थिति में अच्छा परिवर्तन आया और आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। खेत बनाने से लेकर सिंचाई और आधुनिक खेती का काम हुआ। पूर्ववर्ती कांग्रेस के कारण किसानों के जीवन में समृद्धि आई है। यह सरकार 14 नवंबर को धान खरीदी करेगी और 31 जनवरी तक धान खरीदी करेगी। इससे सरकार के नीयत में शक हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि सरकार धान खरीदना चाह रही है कि नहीं। इन खरीदी के दौरान लगभग 35 दिनों का सरकारी अवकाश रहेगा। इससे धान खरीदने में परेशानी आएगी। धान खरीदने के लिए सरकार को कम समय मिलेगा।

#### सरकार चलाने में नाकाम

श्री बघेल ने कहा, साय सरकार, सरकार चलाने में असमर्थ है। चाहे राजधानी हो, न्याय धानी हो, संस्कारधानी हो, अपराध कंट्रोल नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक ली और घटनाओं में लगाम लगाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। सरकार खुद मान रही है कि वह अपराध को नियंत्रण नहीं कर पा रही है। गलती को सुधार नहीं पा रही हैं। मंत्रियों का फोन बड़े पुलिस अफसरों के पास आ जाता है तो पुलिस वाले भी क्या करेंगे। अभी की स्थिति यही है। विधायक ईश्वर साहू के बेटे के खिलाफ एफआईआर कराने में बहुत समय लग गया। वहां तो फोन चले गया तो फिर एफआईआर कहां होगी।

# कलंगपुर धान खरीदी केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**बालोद/कलंगपुर।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुरुवार को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कलंगपुर में सेवा सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर धान खरीदी के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र प्रसाद राठिया ने बताया कि यहां आसपास के चार ग्राम कलंगपुर, चारभाठा, खल्लारी और मूंदेरा के 1391 किसान धान बेचने आते हैं। इन किसानों द्वारा 1519.9 हेक्टेयर में धान की खेती की गई है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में बारदाने, किसानों के लिए बैठक, शौचालय, पेयजल आदि की पूरी व्यवस्था है।

# दरगहन के पंचायत सचिव कामता को दी गई विदाई

**गुरूर।** ग्राम पंचायत दरगहन के सचिव कामता प्रसाद देवांगन का अन्य पंचायत में स्थानांतरित हो जाने पर सरपंच एवं समस्त पंचों ने सम्मान विदाई दी। इस दौरान सरपंच विजेन्द्र ध्रुव, उपसरपंच कल्याणपुरी गोस्वामी रोजगार सहायक हुलेश पटेल समस्त पंचगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# दिनदहाड़े 20 लाख की लूट मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली

**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व कमल विहार सेक्टर-15 में रीयल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर से 20 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। पुलिस को बदमाशों के बारे में अब तक किसी भी प्रकार का क्लू नहीं मिला है। कमल विहार के आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे होने की वजह से पुलिस को बदमाशों के बारे में सुराग तलाशने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब रीयल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर मनोज ध्रुव के साथ अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट की थी। सुपरवाइजर द्वारा बाइक की डिक्की के ऊपर रखकर ले जा रहे नोटों से भरे बैग बदमाश लूट लिए थे।

# दीपावली पर रात 8 से 10 बजे तक ही फोड़ सकते हैं पटाखे

**बालोद।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में 09 नवंबर 2020 को पारित आदेश के परिपालन में इस वर्ष दीपावली के दिन पटाखे फोड़ने के लिये रात्रि 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक का समय–सीमा निर्धारित किया गया है। क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने बताया कि अन्य पर्वों जैसे छठ पूजा पर्व पर सुबह 06 बजे से सुबह 08 बजे तक, गुरू पर्व में रात्रि 08 बजे से 10 बजे तक, नये वर्ष एवं क्रिसमस में रात्रि 11.55 बजे से 12.30 बजे तक ही पटाखे फोड़े जाने का समय तय किया गया है। उन्होंने बताया कि कम उत्सर्जन करने वाले इम्प्रुव्ड एवं हरित पटाखों का निर्माण एवं विक्रय किया जाना है। इसके अतिरिक्त अन्य पटाखों के उत्पादन एवं विक्रय पर रोक लगाया जाना है। पटाखों के उपयोग के संबंध में अन्य निर्देश उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सिविल) क्रमांक 728/2015 अर्जुन गोपाल विरुद्ध यूनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश के परिपालन में सीरीज पटाखे अथवा लड़ियो के विक्रय, उपयोग एवं निर्माण को प्रतिबंधित करना है। केवल उन्हीं पटाखों का विक्रय किया जाना है जिसका ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा 125 डेसीबल के भीतर हो। ऑनलाईन ई–व्यापारी वेबसाईटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिकी प्रतिबंधित कर दी गई है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला नवीन परसदा में बच्चे के जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला नवीन परसदा बालोद में लावण्या के जन्म दिवस के अवसर पर उनके पिता रविशंकर चुरेन्द्र एवं माता यशोदा चुरेन्द्र ने शाला के सभी बच्चों को न्योता भोज कराया गया। शाला के शिक्षक लक्ष्मण पिस्दा ने बताया कि शासन के पहल से ग्रामीण न्यौता भोज में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। न्योता भोज के माध्यम से बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा जाता है। इससे बच्चे लाभान्वित हो रहे है। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### जगन्नाथपुर में 30 फीट ऊंचे रावण पुतले का किया दहन



**बालोद।** जिले के ग्राम जगन्नाथपुर में 30 फीट के रावण पुतले का दहन आतिशबाजी के साथ किया गया। इससे पूर्व गांव में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राम और रावण दल की झांकी आकर्षण का केंद्र थी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्रों के साथ डीजे की धुन पर भी लोगों ने जमकर डांस किया। पुतला दहन के पूर्व संक्षिप्त रामलीला भी हुई। रात्रि में ग्राम मुरमाड़ी की छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ज्ञान के पूजा की प्रस्तुति भी लोगों को देखने को मिली।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 21 हजार परीक्षार्थी हुए शामिल



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 19 अक्टूबर को किया गया। इसज़लि के सभी विकासखण्डों से 5वीं से 12वीं तथा महाविद्यालय तक 9 वर्गों से कुल 21 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। उक्त परीक्षा के लिए सभी विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा कंप्यूटराइज्ड ओएमआर शीट के माध्यम से ली गई। परीक्षा में शामिल सभी छात्रों को प्रमाण पत्र एवं ब्लॉक तथा जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को नकद राशि एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। जिला संयोजक व्ही एस अठनगर, दशरथ कलिहारी सह संयोजक का विशेष मार्गदर्शन रहा।

**बैठक :** कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# 10वीं व 12वीं बोर्ड में अच्छे परिणाम लाने योजना बनाकर कार्य करें : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले में 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में बेहतर परिणाम लाने कार्ययोजना बनाकर कार्य करना होगा। इसके लिए सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र के प्राचार्यो की बैठक लेकर चर्चा करें तथा विभिन्न सुझाओं को प्राप्त कर बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। कलेक्टर चन्द्रवाल गुरूवार शाम संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हे निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होने स्कूली विद्यार्थियों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाये जाने की समीक्षा की। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समय–समय पर शिविर लगाकर स्कूली विद्यार्थियों का आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। कलेक्टर ने स्कूलों में संचालित डिजिटल क्लास रूम, अटल टिकरिंग लैब आदि का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में अच्छी व्यवस्थाओं के साथ ही शिक्षण व्यवस्था बेहतर बनाए रखना सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को गणवेश वितरण, निःशुल्क सायकिल वितरण, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति आदि की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होने कहा कि त्रैमासिक परीक्षा में प्राप्त परिणामों का आंकलन कर परिणामों को और बेहतर बनाने प्रयास करें तथा मुख्य परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने अपनी इच्छा शक्ति से जुटकर कार्य करें। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीसी. मरकले, जिला स्रोत समन्वयक अनुराग द्विवेदी सहित सभी विकास खण्डों के शिक्षा अधिकारी और सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि मौजूद थे।

## शासकीय जमीन को स्वयं की बताकर बेची, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शासकीय जमीन को स्वयं की जमीन बताकर 3 लाख 15 हजार रुपए में बिक्री करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उनमें से एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। तीनों आरोपी सगे भाई बहन हैं।

पूरा मामला ग्राम जगन्नाथपुर में जुलाई 2023 का है। शिकायतकर्ता शहर के आमापारा निवासी चैनलाल साहू ने बताया कि ग्राम सांकरा (ज), में भूमि ख.नं. 247, रकबा 0.42 हे. स्थित है, जो कि त्रिभुवन विश्वकर्मा व उनकी बहन रोहणी व भानबाई पिता राममिलन के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है, उक्त भूमि शासकीय मद की भूमि है जो कि शासकीय रिकार्ड में अहस्तांतरणीय दर्ज है।

आरोपी त्रिभुवन विश्वकर्मा, रोहणी और भानबाई तीनों ने उक्त जमीन को अपना स्वयं का निजी जमीन बताते हुए चैनलाल साहू को 3 लाख 15 हजार रुपए में बेच कर धोखाधड़ी की है। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी त्रिभुवन विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है तो वहीं दो अन्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## लकड़ी का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले में वन विभाग कि टीम ने रात्रि गश्त के दौरान दो दिनों के भीतर ही दो अलग-अलग जगहों पर लकड़ी का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर को जब्त किया है।

■ वन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान की कार्रवाई

मिली जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर की रात लगभग 12 बजे वन विभाग की टीम रात्रि गश्त पर निकली हुई थी। इसी दौरान नीले रंग की ट्रैक्टर ट्रॉली लकड़ी लेकर बालोद की ओर जा रही थी। वन विभाग की टीम ने उसे रानी माँ व सियादेवी मंदिर मार्ग पर रोका। ट्राली में जंगली लकड़ी हल्दू प्रजाति के लगभग 8 नग गोले थे, जिन्हें अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा था। इस पर वन विभाग की टीम ने लकड़ी से भरे ट्रैक्टर को जब्त कर कार्रवाई की।

इसी तरह 18 अक्टूबर को भी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 07 बी जे 6656 को नारागाँव के ग्रामीणों व वन विभाग की टीम ने रात्रि लगभग 10 बजे लकड़ी का अवैध परिवहन करते पकड़ा। ट्रैक्टर को जब्त कर गुरुर वन परिसर में रखा गया है। ट्रैक्टर चालक से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी का मालिक व ट्रांसपोर्टर ग्राम जगन्नाथपुर निवासी बताया जा रहा है। डिप्टी रेंजर नारद साहू ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर कार्रवाई की जा रही है।

## छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दिए टिप्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/सिकोसा

शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में कैरियर गाइडेंस का कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया।

■ नवीन महाविद्यालय बेलोदी में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में वेली आईएएस एकडमी भिलाई के संचालक लेख तिवारी तथा हिमांशु साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में उदबोधन स्वरुप महाविद्यालय के प्राचार्य सीएल ठाकुर ने विद्यार्थियों को एक अच्छे भविष्य बनाने के अनेक उदाहरण दिए। महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन के अध्यक्ष राहुल साहू ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। एकेडमी के संचालक लेख तिवारी एवं हिमांशु साहू ने विद्यार्थियों को भविष्य मे होने वाली अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं की जैसे व्यापम, पीएससी तथा यूपीएससी की तैयारी के लिए अनेक टिप्स दिए। इनकी तैयारी कर एक सुनहरे भविष्य का निर्माण किस तरह से किया जा सकता है, उसके बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम जनभागीदारी अध्यक्ष राहुल साहू के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार डॉ. बिसनाथ साहू द्वारा किया गया।

## ग्राम गोड़ेला में समस्याओं का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/निकुम



जिले के अंतिम गांव ग्राम पंचायत गोड़ेला में सर्वत्र समस्या का अंबार है। पंचायत की उदासीनता के कारण गांव में फैली गंदगी बीमारी को न्यौता दे रही है। साफ सफाई तो बहुत दूर की बात है, गलियों में नाक सिकुड़कर चलना ग्रामीणों को आदत सी बन गई। आखिरी गांव होने के कारण ना जनप्रतिनिधि आते हैं ना ही अधिकारियों के कदम भी नहीं पड़ते हैं। वहीं गोड़ेला में सरकारी जमीन पर जमकर अतिक्रमण गांव के लोग कर रहे हैं। वहीं ग्राम पंचायत बिजली एनओसी लेटर पैड में जारी कर रही है।

अधूरे गौठान के कारण गोडेला स्कूल के गेट के सामने मवेशियों का कब्जा रहता है। वहीं आश्रित ग्राम खुर्सीपार में कई आदिवासी परिवार होने के बावजूद विकास से कोसों दूर है। गलियों में गंदा पानी जाम होने से मच्छर, गंदगी, बदबू व चलने में दिक्कत होती है। स्कूली बच्चे नाक बंदकर स्कूल जाते हैं। वहीं आंगनबाड़ी खुर्सीपार के पास गंदगी घुरवा को भी पाटा नहीं गया है। नाली भी सफाई नहीं है, वहीं गलियों में लाइट नहीं है।

ग्राम के वरिष्ठ नागरिक संतराम हरमुख ने बताया कि कई बार ग्राम पंचायत को सूचना देने के बाद भी काम नहीं होता। इस मामले में सरपंच रामेश्वर ठाकुर ने कहा कि ग्राम पंचायत में फंड नहीं होने के कारण कई परेशानियां आती हैं।



### संजारी में हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में कक्षा नवमी से लेकर कक्षा बारहवी तक के विद्यार्थियों के लिए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में केंद्राध्यक्ष व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर थे। वरिष्ठ व्याख्याता बबीता दीवान व व्याख्याता नंदिनी जोशी ने पर्यवेक्षक का कार्य किया। संस्था प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी ने बताया कि केंद्राध्यक्ष शिवेन्द्र बहादुर, पर्यवेक्षक बबीता दीवान, नंदिनी जोशी व सहायक संगीता सुधाकर ने आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## अरमरीकला में एनएसएस ने मनाया विश्व खाद्य दिवस

**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू महाविद्यालय अरमरीकला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व खाद्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती थे। कार्यक्रम के दौरान खाद्य दिवस के विषय के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती ने बताया कि हम सबके लिए खाद्य की सुरक्षा महत्वपूर्ण है,



क्योंकि हमारा भविष्य विभिन्न संकटों से गुजरेगा, जिनमें जलवायु परिवर्तन मुख्य कारण होंगे। महाविद्यालय के स्वयंसेवक अनिल कुमार, तुषार सिन्हा, नीलकंठ, चुम्मन लाल, धारणा साहू, भारती साहू छत्रपाल, तारा, रितु एवं परषोत्तम कुमार तथा कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्वयंसेवक लोचन कुमार ने भी खाद्य दिवस एवं अनाज के संबंध में जानकारी दी।

## डीन, सुपरिंटेंडेंट से मिले सामाजिक प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल डॉ. भीमराव अंबेडकर में व्याप्त कमी को लेकर सामाजिक मुखिया पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन विवेक चौधरी तथा भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर संतोष सोनकर से मुलाकात कर नवीन पद स्थापना को लेकर बधाई दी और स्वागत किया। सामाजिक प्रतिनिधियों ने अस्पताल में व्याप्त कमियों की विस्तार से जानकारी दी और दूर करने का आग्रह किया। दोनों जिम्मेदार अधिकारियों ने सभी विभाग के समीक्षा कर अतिशीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुरेश नेताम, देवांगन समाज के अध्यक्ष चोवा राम देवांगन, सोनकर समाज के अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर, लोहार समाज के अध्यक्ष गणेश बघेल,



सतनामी समाज के युवा अध्यक्ष लालजी टंडन, साहू समाज के सोमनाथ साहू, सुखराम साहू, धोबी समाज के महानगर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, कुर्मी समाज के युवा संगठन मंत्री गोपाल वर्मा, महेंद्र वर्मा, चंद्रेश देवांगन सहित अनेक प्रतिनिधि ने क्रमशः कर्मचारी और अस्पताल संचालन में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## शिविर में लोगों ने किया 51 यूनिट रक्तदान

**डौंडीलोहारा।** समीक्षण ध्यान योगी आचार्यभगवन श्रीनानालालजी म.सा. के 25वें पुण्य स्मृति दिवस एवं वर्तमान आचार्यभगवन श्रीरामलालजी म.सा. के आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर नगर के समता युवा संघ द्वारा शुक्रवार को नगर के ओसवाल भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। राजनांदगांव से पहुंची मेडिकल टीम ने विधिवत रक्तदाताओं से रक्तदान लिया व आवश्यक परहेज व इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के बारे में विस्तार से बतलाते हुए रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में कुल 51 यूनिट रक्तदान किया गया। समता युवा संघ के



राष्ट्रीय मंत्री विजय भन्साली व सौरभ डोसी ने कहा कि सभी को निःसंकोच रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान से पहले, रक्तदाता की स्वास्थ्य जांच की जाती है, जिसमें ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन लेवल, और अन्य आवश्यक मापदंड शामिल होते हैं। यह न केवल नियमित स्वास्थ्य मूल्यांकन का एक अच्छा तरीका है, बल्कि इससे हृदय रोगों का जोखिम भी कम होता है। कार्यक्रम को समता युवा संघ के अध्यक्ष संदीप लोढा, मंत्री भविष्य लोढा व नरेंद्र भन्साली ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गगन चोपड़ा, राहुल भन्साली, राहुल डोसी, भावेश सांखला, संदीप लोढा, सुमित भंसाली आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### कंवर समाजिक भवन के लिए किया गया भूमिपूजन

**डौंडीलोहारा।** नगर में कंवर समाज भवन निर्माण कार्य का नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने भूमिपूजन किया। बता दें कि अनिला भेंडिया द्वारा विधायक निधि से वार्ड क्रमांक 11 में कंवर समाज के भवन के लिए स्वीकृति दी गई है। भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रेसिडेंट इन काउंसिग सदस्य उपाध्यक्ष विद्या शर्मा, सभापति अनीता साहू, ममता शर्मा, झुमुक लाल कोसमा, अशोक चनाप के साथ ही कंवर समाज के अध्यक्ष सुमन कंवर सहित समाज के अन्य लोग, नगर पंचायत स्टाफ ईश्वर आर्य, गोविंद उइके और गोपी साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### जड़ी-बूटी की दुकान में चोरों का धावा

**बालोद।** करीब एक माह पहले जिस चश्मा दुकान में चोरी हुई थी, ठीक उसके 300 मीटर की दूरी पर स्थित एक जड़ी-बूटी की दुकान में अज्ञात चोर ने धावा बोल दिया। शहर के रिहायशी इलाके दल्लीचौक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, बिजली विभाग व रेस्ट हाउस के बेहद नजदीक स्थित टुवानी जड़ी बूटी की दुकान में देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा रात्रि गश्त करने के दावों की पोल खुल गई है। दरअसल थाने में शिकायत करने पहुंचे विमल किशोर टुवानी ने बताया कि सुबह 7 बजे जब दुकान खोली तो दुकान के अंदर सीसीटीव्ही कैमरा की टीवी टूटी हुई हालत में नीचे पड़ी मिली। वहीं, सभी गल्ले खुले थे। इस दौरान शंका होने पर चेक करते दुकान की ऊपर छत की ओर सीढ़ी के माध्यम से जाने पर ऊपर छत में लगी खिड़की के लोहे के एक पल्ला टूटा हुआ था। इससे पता चलता है कि पल्ले को तोड़ कर कोई अज्ञात चोर रात्रि में चोरी करने की नीयत से दुकान में घुसा था। दुकान में रखे गल्ले को चेक करने पर 10 रूपये के सिक्का के प्लास्टिक के दो पैकेट जिसमें 100-100 नग रखा था, 50 रूपये का 10 नोट एवं कुछ चिल्हर पैसे करीबन 60 रूपये कुल जुमला 2560 रूपये नहीं थे। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### रक्तदान व परीक्षण शिविर आज

**गुरूर।** नवजीवन संजीवनी रक्तदाता ग्रुप गुरूर द्वारा 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से साहू सदन गुरूर कोलिहामार में रक्तदान व रक्त परीक्षण तथा नाड़ी जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, शुगर जांच करने के साथ ही नाड़ी परीक्षण किया जाएगा।

## निधन

### लौंगी बाई गंगबेर

**गुरूर।** ग्राम सोरर निवासी लौंगी बाई गंगबेर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सेवानिवृत्त व्याख्याता निर्मल गंगबेर की धर्मपत्नी एवं गुलशन तथा नुलेश गंगबेर शिक्षक की माता जी थीं। ग्रामीण साहू समाज सोरर एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज सोरर के पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



# ग्राम पंचायत रिसामा में पर्यावरण बचाने की पहल, गांव में बनाया बर्तन बैंक

**सरपंच ने कहा- डिस्पोजल दोना-पत्तल व गिलास का उपयोग रोकने निःशुल्क दे रहे बर्तन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रिसामा में बर्तन बैंक बनाया गया है। गांव में धार्मिक, सामाजिक, व्यक्तिगत आयोजनों के लिए बर्तन निःशुल्क दिया जाता है। सरपंच गीता महानंद ने कहा कि बर्तन किराए पर देकर पंचायत आर्थिक रूप से समृद्धि हो सकती है, लेकिन पर्यावरण को बचाना आर्थिक समृद्धि से बड़ा काम है। इसलिए आयोजन के लिए बर्तन उपयोग में लाने वालों से किराया नहीं लिया जाता है। उन्होंने कहा कि शहरी ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग कार्यक्रमों में प्लास्टिक डिस्पोजल, प्लेट, गिलास, कटोरी आदि उपयोग का उपयोग करते हैं, जिनसे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। सरपंच गीता बैकुंठ महानंद ने कहा कि इसी समस्या को देखते हुए प्लास्टिक डिस्पोजल, गिलास के उपयोग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक स्थापित किया गया। पंचायत के बर्तन बैंक में 500 नग थाली, 500 नग गिलास और एक हजार नग कटोरी है। सरपंच ने बताया कि बर्तन बैंक की स्थापना वर्ष 2021 में की गई है। गांव में छोटे आयोजनों चाहे वह व्यक्तिगत हो अथवा सामाजिक या धार्मिक लोग बर्तन बैंक से बर्तन लेकर जाते हैं। सरपंच ने कहा कि गांव के लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया जाता है। इसे देखते हुए अब लोग आयोजनों में प्लास्टिक का उपयोग करने से बच रहे हैं।



### मिलकर करते हैं बर्तनों की सफाई

सरपंच ने बताया कि किसी कार्यक्रम के लिए बर्तन ले जाने वाले लोग उन्हें साफ कर वापस करते हैं। सामाजिक अथवा धार्मिक आयोजन होने पर मोहल्ले के लोग मिलकर बर्तनों की सफाई करते हैं। इस व्यवस्था से स्वच्छता को लेकर भी जनभागीदारी की भावना लोगों में विकसित हो रही है। ज्ञात हो कि ओडीएफ स्थायित्व के लिए रिसामा पंचायत को वर्ष 2020 में राज्य स्वच्छता पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।



**कार्यक्रम : आईटीआई बालोद में हुआ जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम का आयोजन**

# जनजातीय समाज का अतीत अत्यंत उज्ज्वल एवं गौरवशाली है : पवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जनजातीय समाज का अतीत अत्यंत उज्ज्वल एवं गौरवशाली है। राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में जनजातीय समाज के लोगों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उक्त बातें जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने कही। पवन साहू शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में आयोजित जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद के प्राचार्य शैलेष कुमार थॉमस ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय हल्बा–हल्बी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र माहला सहित विशेष अतिथि के रूप में गोंडवाना समाज के अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य कीर्तिका साहू, सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष अरूण साहू, जिला संयोजक कृष्णा साहू, संयोजक पूर्णिमा ठाकुर, सह संयोजक कुमेश ठाकुर उपस्थित थे। समारोह में वक्ताओं ने बिरसा मुण्डा, वीरांगना दुर्गावती, शहीद वीर नारायण सिंह एवं शहीद गैंद सिंह आदि आदिवासी समाज के महापुरूषों एवं अमर शहीदों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके वीरता एवं योगदान को अनुपम एवं अद्वितीय बताया। जनजातीय समाज के सीधे, सरल, शांत एवं मेहनकश समाज बताते हुए कहा कि जब भी देश व समाज के सामने चुनौतियां आई हैं, जनजातीय समाज के लोगों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर उसका डटकर मुकाबला किया है। उन्होंने कहा कि हमारा मौजूदा केन्द्र एवं राज्य सरकार आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास तथा उनके पुराने गौरव एवं विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कृतसंकल्पित है।





### अमर शहीदों एवं विभूतियों के आदर्शों से लें प्रेरणा : डॉ माहला

मुख्य वक्ता डॉ. देवेन्द्र माहला ने आदिवासी समाज के अमर शहीदों एवं विभूतियों के स्वतंत्रता आंदोलन तथा राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नई पीढ़ी को इन अमर शहीदों एवं विभूतियों के आदर्शों से प्रेरणा लेने को कहा। विशेष अतिथि चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि जब हम आदिवासी समाज का राष्ट्र एवं समाज के प्रति योगदान एवं उनके गौरवशाली विरासत की बात करते हैं, तो हमें एक उज्ज्वल साधना याद आती है। जब क्रियाशील एवं कालजयी जनजातीय आंदोलनों ने चाहे वह साम्राज्यशाही तोपों के प्रतिपक्ष में हो या फिर अंग्रेजों के जुल्मों–सितम की प्रतिकार की बात हो, दुनिया के इतिहास के सामने अनुपम एवं अद्वितीय उदाहरण पेश किया था।

### प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

इस अवसर पर जनजातीय गौरव पर आधारित रंगोली, पोस्टर मेकिंग, निबंध आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

### चित्रकला व निबंध के माध्यम से बताई वीरों की गाथा

संस्था के प्राचार्य एस.डी. खिलारी ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा जनजाति समाज के क्रांतिकारियों बिरसामुंडा, रानी दुर्गावती, शहीद वीरनारायण सिंह, तिल्का मांझी आदि की वीरगाथा एवं उनकी संस्कृति को चित्रकला एवं निबंध के माध्यम से अपनी भावी पीढ़ी को अवगत कराया गया।



# डोंडी की बेटी कामना को मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डौण्डी

■ डोंडी जैन समाज के लक्ष्मी कांत बाघमार, ममता बाघमार की मेघावी बेटी कामना जैन का सम्मान

छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग रायपुर द्वारा शिक्षा सत्र 2023-24 में अल्पसंख्यक समुदाय के शासकीय अर्द्धशासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी विद्यालय कक्षा 9 वीं से 12वीं में अध्यनरत 60 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके तहत डौण्डीलौहारा विधानसभा क्षेत्र की विवेकानंद हाई स्कूल डौण्डी की छात्रा कामना जैन पिता लक्ष्मीकांत जैन को भी सम्मानित किया गया। 10 वीं कक्षा में 83.87 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कामना को अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा ने अल्पसंख्यक प्रतिभावान विद्यार्थी पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही बालोद, गुरूर, दल्ली राजहरा के छात्र-छात्राओं को जिले के शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सम्मेलन समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा ने सभी प्रतिभावान बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय निपानी में हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ लाटाबोड़

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय निपानी में शनिवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से ली गई। परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट प्रदान करने के बाद पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित शिक्षकों ने बच्चों को ओएमआर शीट को किस तरह से भरना है, इसकी जानकारी दी। इस तरह एक ओर जहां यह परीक्षा बच्चों की भारतीय संस्कृति से संबंधित जानकारी परखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण रही, वहीं दूसरी ओर उन्हें आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने पर ओएमआर शीट पर किस तरह से पूरी जानकारी और उत्तर अंकित करना चाहिए यह सीखने को भी मिला।

# नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोदने में लापरवाही, ढह गई गरीब की झोपड़ी





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/सिकोसा

■ ग्राम पंचायत खलारी का मामला

ग्राम पंचायत खलारी गांव में पंचायत की लापरवाही ने एक गरीब परिवार का आशियाना उजाड़ दिया। बताया जा रहा है कि 15वें वित्त और मनरेगा के तहत 2 लाख 60 हजार की लागत से खलारी गांव में नाली का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के लिए मजदूरों द्वारा खुदाई कराई जानी थी, लेकिन सरपंच ने नियम विपरीत जेसीबी के माध्यम से खुदाई करवा दी। इसके कारण गरीब का कच्चा मकान ढह गया।

बुजुर्ग दंपति ने बताया कि जिस समय नाली निर्माण के लिए खुदाई की जा रही थी, उस उनके बेटे कुलेश्वर कुमार ने जेसीबी ऑपरेटर से जेसीबी से खुदाई नहीं करने का आग्रह किया, लेकिन सरपंच का हवाला देते हुए जेसीबी ऑपरेटर नहीं माना और नाली की खुदाई करते–करते उनके कच्चे घर का नीव भीं खोद दी। उसके बाद जैसे ही नाली में पानी आया तो दोपहर को उनका मकान ढह गया। जिस समय मकान ढहा, उस दौरान बुजुर्ग दंपति का नाती वहीं मौजूद था। घटना का अंदेशा होते ही अपने नाती को वहां से खींच कर बाहर निकाल और फिर देखते ही देखते पूरा घर तहस नहस हो गया। अब उस घर में रहने के लिए स्थान ही नहीं बचा। एक कमरा एक हाल उस घर में है, लेकिन उसमें भी दरारें आ गई हैं, जो कभी भी ढह सकता है। अब उनके रहने के लिए ठिकाना नहीं बचा और वे दूसरे के घर किराए के मकान में रहने पर मजबूर हैं। आपको बता दें कि उनके घर में बुजुर्ग दंपत्ति उनके बेटे बहू और एक नाती रहते हैं, जो गांव–गांव जाकर चना मुरमुरा बेचकर अपना गुजारा करते हैं। इधर गरीब के मकान ढहने के बाद सरपंच को प्रधानमंत्री आवास योजना की याद आ रही है इतने दिन तक जब कच्चे मकान में रहे थे, तब उन्हें योजना का लाभ दिलाने की याद नहीं आई।

### बजट कम होने के कारण जेसीबी से कराई खुदाई

सरपंच हितेश साहू ने मामले में कहा कि दुश्मनी निकालने के लिए किसी ने नहर में पानी छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि बजट की कमी के कारण जेसीबी के माध्यम से खुदाई कराई गई।

# गाली देने से मना किया तो की मारपीट, 3 पर मामला दर्ज

**बालोद।** घर के बाहर गाली गलौज करने से मना करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस में मामला दर्ज कर कराया है। शहर के वार्ड क्रमांक 12 आमापारा निवासी श्याम बाई ढीमर ने पुलिस को बताया कि 17 अक्टूबर को रात्रि करीबन 8 बजे परिवार के साथ खाना खा रहे थे। तभी पड़ोसी विक्की ढीमर मेरे घर के सामने आकर गाली गलौज कर रहा था। तब मैं घर से बाहर निकलकर विक्की ढीमर को गाली देने से मना किया। इस पर तुम कौन होती हो मुझे मना करने वाली कहकर और जोर–जोर से गाली गलौज करने लगा। तभी उसकी मां अनुपा ढीमर एवं भाई सागर ढीमर भी वहाँ पर आ गए और तीनों ने गाली गलौज कर धमकी देते हुए मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, दो और पकड़ाए

**डोंडी।** नौकरी लगाने के नाम पर 70 लोगों से लगभग 3 करोड़ 70 लाख की ठगी के मामले में पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, इस मामले में पुलिस 3 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

थाना डौण्डी के अपराध क्रमांक 54/2024 धारा 420, 34 भादवि के प्रार्थी चंदर नुरूटी पिता लीलाराम नुरूटी उम्र 43 साल साकिन ओड़गांव थाना डौण्डी जिला बालोद ने 8 सितंबर को वर्ष 2022 में वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर घोटिया निवासी देवेन्द्र ठाकुर के माध्यम से 4 लाख 70 हजार रूपये, हरेन्द्र नेताम एवं मदार खान उर्फ सलीम खान व प्रदीप ठाकुर को दिए थे। इसी तरह लगभग 70 अन्य लोगों ने उन्हें लगभग 3 करोड़ 70 लाख रूपए दिए थे। लेकिन, उन्होंने न नौकरी लगाई और न ही रूपए लौटाए। शिकायत पर मदार खान उर्फ सलीम खान निवासी दुतकैइया थाना राजिम जिला गरियाबंद, हरेन्द्र नेताम पिता निवासी आजाद चौक रायपुर जिला रायपुर और प्रदीप ठाकुर निवासी आजाद चौक रायपुर पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। प्रकरण में विवेचना के दौरान पीड़ितों से धोखाधड़ी में शामिल मुख्य आरोपी मदार खान की पत्नी फातिमा बी खान एवं आरोपी हरेन्द्र नेताम के पुत्र मयंक नेताम निवासी ग्राम मंगचुवा थाना गुरूर हाल भिलाई को पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करने पर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।



# परसदा डंग विद्यालय में शिक्षक-पालक और एसएमसी सदस्यों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

■ राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति के संबंध में की गई चर्चा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा डंग में शासन की योजना के तहत राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच कुलदीप साहू ने की। वहीं, शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष नीलांबर साहू, विनोद साहू, रेशमा साहू एवं पालक उपस्थित थे। इस बैठक में रूखमणी चंद्राकर ने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का तीन स्तंभ शिक्षक, छात्र और पालक सभी मिलकर कार्य करें, तो शिक्षा गुणवत्ता अच्छी होगी। सरपंच ने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता, बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान देंगे, जिससे बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने पालकों से कहा कि वे भी अपने घर में बच्चों पर विशेष ध्यान दें और बीच-बीच में शाला आकर बच्चों के संबंध में जानकारी लेते रहें। आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक महेश चंद्राकर ने किया। उन्होंने शाला में जनभागीदारी से माइक सेट, सरस्वती मंदिर, एलईडी, प्रिंटर, प्रिंट रिच, गार्डन, शाला रंगरोगन, लाइट ग्लोब के लिए आभार जताया। बैठक में यीतेश धुर्वे, प्रधान पाठक, देवेंद्र देवांगन, रूखमणी देवी चंद्राकर, दमयंती साहू, रविन्द्र चंद्राकर, दीपेश्वरी साहू उपस्थित थे।



पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train- रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 26 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:- स्लीपर -19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411